आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- पूरे देश के साथ आज द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है।
- ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से एक नई पर्यावरण अनुकूल पहल शुरू की गई है।
- पर्यटन विभाग, युवाओं के लिए समुद्र तट जीवन रक्षक पर सात दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा।
- जहाजों के कार्यक्रमों में फेरबदल।

<><><><><><><>

आज राष्ट्र विज्ञान दिवस है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक और नोबल पुरस्कार विजेता सर–सी बी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद में हर वर्ष आज ही के दिन पूरे देश में कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते है, ताकि लोगों में विज्ञान के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। इस अवसर पर डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। ''विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'' थींम पर आधारित यह कार्यक्रम छात्रों को वैज्ञानिक प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में नवोन्मेषी परियोजनाओं पर प्रदर्शनी और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

उधर, आज शाम साढ़े चार बजे श्री विजयपुरम स्थित विज्ञान केन्द्र में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहेल मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विज्ञान सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कृत किए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से फेरारगंज पंचायत में एक नई पर्यावरण अनुकूल पहल शुरू की गई है। महिला सशक्तिकरण और सतत उद्यमिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्थानीय स्वयं सहायता समूह के आठ समर्पित सदस्य बायोडिग्रेडेबल सुपारी के पत्तों की प्लेटों के लिए एक उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए एक साथ आए हैं।

गांव के संगठन से ऋण प्राप्त करके, समूह का उद्देश्य आर्थिक स्वतंत्रता और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों को बढ़ावा देना है। स्वयं सहायता समूह की पिपाशा ने कहा, "हमें इस परियोजना को शुरू करने में खुशी हो रही है, क्योंकि यह न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है, बल्कि हमारे पर्यावरण के संरक्षण में भी योगदान देती है। इस पहल को पहले से ही स्थानीय व्यवसायों और स्थायी जीवन जीने के लिए प्रतिबद्ध व्यक्तियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इन पर्यावरण के अनुकूल प्लेटों के लिए बिशाका से 9679584830 पर संपर्क करके ऑर्डर दिया जा सकता है। यह प्रेरणादायक परियोजना दर्शाती है कि कैसे छोटे पैमाने के, टिकाऊ व्यवसाय सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं – स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देते हुए प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में योगदान दे सकते हैं।।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण संस्थान में द्वीपसमूह की जैव विविधता पर केन्द्रित दो दिवसीय विज्ञान अकादमिक व्याख्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों की जैव विविधता के संरक्षण और मानव प्रेरित पर्यावरणीय परिवर्तनों की चुनौतियां के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला का उद्घाटन का प्रधान मुख्य वन संरक्षक रवि होरो ने किया। उन्होंने द्वीपसमूह की अद्वितीय जैव विविधता पर प्रकाश डालते हुए इसके संरक्षण के लिए अपनाए जा रहे उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रोफेसर एम. संजप्पा, प्रो. के. आर. सिवन्ना और प्रो. सी. शिवापेरूमन ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक अनुसंधान और संरक्षण प्रयासों में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष ज़ोर दिया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग राष्ट्रीय जीवन रक्षक सोसाइटी के सहयोग से युवाओं के लिए समुद्र तट जीवन रक्षक पर सात दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बारहवीं पास उम्मीदवार, जो पन्द्रह मिनट में पांच सौ मीटर की दूरी तैर कर पार कर सकते हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिए कुल पचास सीट उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन आज शाम तक पर्यटन निदेशालय के नियोजन अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रातरापुर पुलिस फायरिंग रेंज में फायरिंग अभ्यास किया जा रहा है। आज दोपहर दो बजे तक चलने वाले इस फायरिंग के चलते सभी स्थानीय निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे खुद को और अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित रखे। इस दौरान निर्माण कार्य और व्यक्तियों एवं सामाग्रियों की आवाजाही की भी मनाही है।

<><><><><><>

एम वी कैम्पबेल–बे आज रात नौ बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अण्डमान के लिए रवाना होगा और इसकी वापसी कल रात दस बजे लिटिल अण्डमान से श्री विजयपुरम के लिए होगी। उधर, जलयान सिंधु की आज रात दस बजे लिटिल अण्डमान होते हुए कार–निकोबार की यात्रा को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब यह जलयान कल रात दस बजे रवाना होगा और इसकी वापसी तीन मार्च को सुबह सात बजे इन्ही रास्तों से होते हुए श्री विजयपुरम के लिए होगी।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति शाम्पा सरकार और उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच मे की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सुबह साढ़े दस बजे से की जाएगी। सभी लम्बित पड़े मामलों से संबंधित लोगों से कहा गया है कि वे आज शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से खेल प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वाधान में दो मार्च को फिट इंडिया विंड वेव्स एण्ड वेलनेस (इवेट) का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कार्बाइंस–कोव बीच पर सुबह साढ़े सात बजे से शुरू होगा। इस इवेट का उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना, खेलों में भागीदारी को प्रोत्साहित करना और स्वास्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देना हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति टीमें निजी युवा क्लब और संस्थाए आज शाम पांच बजे तक खेल प्रशिक्षण केन्द्र श्री विजयपुरम के कार्यालय में पंजीकरण करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी रोइंग कोच मनीष कुमार तिवारी और करमा टोप्पों से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><>

कैम्पबेल–बे में कल मछुआरा समुदाय ने मत्स्य विभाग विभाग द्वारा संचालित बर्फ संयत्र और कोल्ड स्टोरेज सुविधा की तत्काल मरम्मत की मांग को लेकर ज़ीरों प्वाइंट पर चक्का जाम किया। बर्फ संयत्र और कोल्ड स्टोरेज सुविधा के उपलब्ध न होने से क्षेत्र के मछुआरा समुदाय की आजीविका पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे उन्हें वित्तीय नुकसान हो रहा है। इस प्रदर्शन में पार्टी नेताओं के पंचायती राज संस्थान के सदस्य भी मौजूद थे। सहायक आयक्त केशव नरेन्द्र सिंह और तहसीलदार सी. सुदर्शन पिल्लई ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समुदाय के मांग को पूरा कर लिया जाएगा।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग दिल्ली पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के द्वितीय पेपर के लिए सब–इंसपेक्टर भर्ती परीक्षा – 2024 का आयोजन करेगा। आठ मार्च–2025 को होने वाली यह परीक्षा श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए ई–एडमिट कार्ड परीक्षा की निर्धारित तिथि से तीन से चार दिन पहले आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने कारोबार को आसान बनाने के साथ दक्षता बढ़ाने के लिए ''वन नेशन वन पोर्ट'' प्रक्रिया का अनावरण किया–द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर को प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने वीर सावरकर की की पुण्य तिथि मनाए जाने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। निकोबारी आदिवासी किसानों के लिए फलों की खेती पर प्रशिक्षण करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अण्डमान निकोबार शतरंज संघ की ओर से महिलाओं के लिए शतरंज टुर्नामेंट आयोजित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है। द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>